# महिला के पर्स से साठ हजार हुए चोरी

**बैंक में रुपये जमा करने जा रही थी महिला, पुलिस ने दर्ज किया मामला**

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर, 11अप्रैल।** बैंक में रुपए जमा कराने के लिए जा रही महिला के पर्स से दो महिला चोर साठ हजार रुपए चोरी कर ले गई। घटना कोतवाली थाना क्षेत्र के सराफा तिराहे की है। घटना का पता उस समय चला जब पीड़िता ऑटो से उतरी तो घटना का पता चला। घटना का पता चलते ही पीड़िता थाने पहुंची और मामले की शिकायत की। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज कर संदेही महिला चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

### किराया देते समय पता चला घटना का

सराफा तिराहे पर मंजू ऑटो से उतरी और किराया देने के लिए ऑटो चालक के पास पहुंची तो उसने बताया कि उसे शंका है कि जो दो महिलाएं कुछ देर पहले उतरी हैं, उन्होंने उसके पर्स से चोरी की है। इसका पता चलते ही उसने अपना पर्स चेक किया तो पता चला कि उसमें रखे साठ हजार रुपए चोरी हो गए। मामले का पता चलते ही पीड़िता थाने पहुंची और शिकायत की। पुलिस ने उसकी शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि उसके पास तीन गड्डी थीं। जिसमें दो सौ-सौ के नोट की तो एक पांच सौ रुपए के नोट की गड्डी थी। चोर महिलाएं दो गड्डी ले गई, लेकिन तीसरी गड्डी उनके हाथ आने से बच गई है। पुलिस ने जब वहां पर लगे सीसीटीवी चेक किए तो पता चला कि महिलाएं ऑटो से उतरने बाद एक ई रिक्शा में सवार होकर निकली अब पुलिस सीसीटीवी की मदद से महिला चोरों की तलाश में लग गई है।

कमानीपुल निवासी 27 वर्षीय मंजू जाटव पत्नी पवन जाटव गृहिणी है। दोपहर के वक्त वह घर से सत्तर हजार रुपए लेकर बैंक में जमा करने के लिए जा रही थीं। घर के बाहर कमानी पुल से वह एक ऑटो क्रमांक - एमपी 07 आरए 4405 में बाड़े के लिए सवार हुई। ऑटो जब हनुमान चौराहे के पास पहुंचा तो वहां से दो महिलाएं ऑटो में सवार हुई और उसके बगल में बैठ गई। इसके बाद दोनों महिलाएं गांधी मार्केट में उतर गई।

**इनका कहना है...**
एक महिला के ऑटो में साठ हजार रुपए चोरी की वारदात घटी है। मामला दर्ज कर लिया है। सीसीटीवी खंगाले जा रहे हं, जल्द ही चोरों का पता लगा लिया जाएगा।
**मोहिनी वर्मा, थाना प्रभारी कोतवाली**

# बीच बाजार युवक पर चाकू से हमला, ट्रॉमा सेंटर में भर्ती

**माधौगंज थाना क्षेत्र के लक्कड़खाना की घटना**

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर, 11अप्रैल।** शहर में बेखौफ बदमाशों ने एक युवक को सरेराह चाकू मार दिया और उसे सड़क पर मरने के लिए छोड़कर फरार हो गए। चाकू से गंभीर रूप से घायल हुए युवक को इलाज के लिए जेएएच के ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है। हालांकि पुलिस ने ऐसी किसी घटना के होने से साफ इंकार कर दिया है और कहा है कि न तो थाने तक कोई फरियादी पहुंचा है और न ही अस्पताल से कोई सूचना आई है। जो जानकारी है कि उसके अनुसार आशीष खटीक को लक्कड़खाना के पास



दो बदमाश अंशू शाक्य तथा रमन वाल्मीकि ने सड़क पर घेरा और विवाद के दौरान उस पर चाकू से हमला कर दिया। चाकू आशीष शाक्य के सीने में जा धंसा। चाकू मारने के बाद आरोपी अंशु शाक्य तथा रमन वाल्मीकि मौके से भाग निकले। गंभीर रूप से घायल युवक आशीष को तत्काल जेएएच के ट्रामा सेंटर ले जाया गया। चिकित्सकों के अनुसार चाकू का टुकड़ा उसके सीने में रह गया है जिससे उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। युवकों के बीच विवाद किस बात को लेकर हुआ या पहले से कोई रंजिश चल रही है, इसका खुलासा नहीं हुआ। घायल युवक की जानकारी के लिए पुलिस इधर से उधर हो रही है, लेकिन फिलहाल कुछ पता पुलिस को नहीं लगा है।

**इनका कहना है...**
चाकूबाजी की घटना होने की खबर तो मिली है पर न तो कोई फरियादी थाने आया है और अस्पताल से कुछ पता नहीं चल रहा। हम मामले का पता करवा रहे हैं और पुलिस को लक्कड़खाना तथा ट्रॉमा सेंटर भेजा गया है।
**- दिव्या तिवारी, थाना प्रभारी माधौगंज**

### गर्मियों में अपने घर की छत पर सकोरों में भरें ताजा पानी

**ग्वालियर।** ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने गर्मी के मौसम में पक्षियों को प्यास और हीटस्ट्रोक से बचाने के उद्देश्य से रिंकू बुंदेला के सहयोग से मिट्टी से निर्मित पानी के पात्र (सकोरे) आमजन को वितरित किए। साथ ही आव्हान किया कि इन सकोरों को अपने-अपने घर की छत, बालकनी या पेड़ों पर रखकर हर रोज ताजा पानी भरें। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी में आसमान से आग बरसती है। गर्मी में मानव हो या फिर पशु-पक्षी सभी को ठंडे जल की तलाश रहती है। आम लोगों के लिए तो जगह-जगह प्याऊ व नल के साथ ही पानी की उचित व्यवस्था मिल ही जाती है, लेकिन पक्षियों को पानी के लिए कड़ा संघर्ष करना पड़ता है।

# युवक की मिली लाश, जांच में जुटी पुलिस

**हजीरा थाना क्षेत्र की घटना जांच के बाद पता चलेगा हत्या या बीमारी से मौत**

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर, 11अप्रैल।** शनिवार सुबह एक युवक की लाश मिली है। युवक कहां का रहने वाला है, कौन है और उसकी मौत कैसे हुई है, फिलहाल इसका पता नहीं चला है। घटना हजीरा थाना क्षेत्र के शासकीय कन्या विद्यालय के पास की है। घटना का पता चलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच के बाद शव को निगरानी में लेकर पीएम हाउस पहुंचा दिया है। हजीरा थाना पुलिस को शनिवार सुबह सूचना मिली थी कि एक



युवक की लाश गैस गोदाम के पास शासकीय कन्या विद्यालय के पास पड़ी हुई है। लाश मिलने का पता चलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच के बाद शव को पीएम हाउस पहुंचाकर मृतक की शिनाख्ती के प्रयास शुरू कर दिए। पुलिस अफसरों का कहना है कि युवक की मौत कैसे हुई है, फिलहाल इसका पता नहीं चला है। मौत का कारण पीएम रिपोर्ट के बाद पता चलेगा। अभी मृतक की शिनाख्ती के प्रयास किए जा रहे हैं।

मृतक की उम्र करीब तीस साल के करीब है और उसने सफेद शर्ट के साथ अण्डरवियर पहनी हुई है। मृतक का रंग गोरा और चेहरे पर दाढ़ी व मूंछ है।

पुलिस अब पता लगा रही है कि युवक के साथ कोई घटना घटी है या फिर उसकी बीमारी या हार्ट अटैक से मौत हुई है।

**इनका कहना है..**
एक युवक की लाश मिली है। मृतक की शिनाख्त नहीं हुई है और उसकी मौत कैसे हुई है, इसका पता नहीं चला है। मौत का कारण पता करने के लिए उसका पीएम कराया जाएगा, उसके बाद ही कारण का पता चलेगा।
**जितेन्द्र सिंह तोमर, थाना प्रभारी हजीरा**

### अजाक्स भवन में महिला से अभद्रता, जान से मारने की धमकी

**ग्वालियर।** राजधानी के टीटी नगर थाना क्षेत्र स्थित पंचशील नगर के अजाक्स भवन में एक बेहद शर्मनाक घटना सामने आई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, अजाक्स कार्यालय में उपस्थित कुछ वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों और उनके साथियों पर एक महिला अधिवक्ता के साथ गाली-गलौज, अभद्रता और जान से मारने की धमकी देने के गंभीर आरोप में पुलिस प्रकरण दर्ज किया गया हैं।घटना का विवरण पीड़ित महिला अधिवक्ता रजनी नारायण ने टीटी नगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि अजाक्स भवन में संतोष वर्मा, एस.एल. सूर्यवंशी, निर्मला पाटिल, गौतम पाटिल एवं उनके अन्य साथियों द्वारा उनके साथ दुर्व्यवहार किया गया। शिकायत के अनुसार, आरोपी न केवल अभद्र भाषा का प्रयोग कर रहे थे, बल्कि उन्होंने महिला के साथ धक्का मुक्की कर जान से मारने की धमकी भी दी। आरोपियों की कार्यप्रणाली पर घटना के बाद क्षेत्र में भारी आक्रोश है। स्थानीय लोगों और पीड़ित पक्ष का आरोप है । आईएएस स्तर के अधिकारी होने के बावजूद ये लोग पद की गरिमा भूलकर गरीबों और असहायों का शोषण कर रहे हैं। आरोपियों पर आरोप है कि उन्हें पुरुष और महिला के सम्मान में अंतर समझ नहीं आता और वे खुलेआम बदसलूकी पर उतारू हैं।




# टीईटी के विरोध में शिक्षकों ने खोला मोर्चा

**आंदोलन की राह पकड़ी, दिया ज्ञापन , करेंगे प्रदर्शन**

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर, 11अप्रैल।** जिले के प्रत्येक विकास खण्ड में टीईटी के विरोध में हजारों शिक्षकों ने रैली निकालकर सेवारत शिक्षकों के लिए शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) की अनिवार्यता सम्बंधी आयुक्त लोकशिक्षण संचालनालय मध्यप्रदेश भोपाल के आदेश 2 मार्च 26 को निरस्त करने तथा सुप्रीम कोर्ट में शिक्षक पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण करने के फैसले के विरुद्ध संवैधानिक कार्यवाही करने तथा शिक्षकों की प्रथम नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता बहाल करने की माँग को लेकर अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा ग्वालियर के बैनर तले घाटीगाँव में अनुविभागीय कार्यालय पर प्रदर्शन कर राजस्व अधिकारी गणेश शरण हरिऔध को तथा मुरार में सुरेश यादव नायब तहसीलदार को मुख्यमंत्री एवं शिक्षा मंत्री मध्यप्रदेश के नाम ज्ञापन सौंपा गया।

घाटीगाँव में जिला संयोजक लक्ष्मी नारायण जाटव, ब्लाक संयोजक हाकिम सिंह चौकोटिया, विनोद प्रजापति, रश्मि सकतौलिया, नीरज सोलंकी, राकेश राठौर, राकेश धाकड आदि के नेतृत्व में व रिषभ तिर्की, कमलेश पाल, आरती ओझा, सीमाराज, किरन सिंह, सुनीता विश्वकर्मा, संगीता भूषण, सीमा सोलंकी, उर्मिला स्नेही, हेमलता परिवार, राखी बरैया, निर्मला भगत, कविता झाला, अनिमा खलखो आदि सैकडों शिक्षकों की उपस्थिति में ज्ञापन सौंपा गया। इसी प्रकार मुरार ब्लॉक में नायब तहसीलदार सुरेश यादव को अरुण प्रताप सिंह, सविता गौतम, हाकिम सिंह पाल, राजेंद्र सिंह, राम अवतार मौर्य आदि ने ज्ञापन सौंपा।

डबरा ब्लॉक में नायब तहसीलदार लाल सिंह को सत्येंद्र श्रीवास्तव, जितेंद्र जोशी,आनंद शर्मा, विश्वनाथ रावत काशीराम मौर्य, नरेश सिसोदिया, प्रदीप मिश्रा, आनंद बिहारी मिश्रा, मीनाक्षी गुप्ता,अनीता सोनी, रीना रावत, शैलेंद्र रावत नरेंद्र मुद्गल, विनोद खटीक आदि के नेतृत्व में लगभग 500 शिक्षकों की उपस्थिति में ज्ञापन सौंपा गया। भितरवार ब्लॉक में नायब तहसीलदार हरनाम सिंह को मानसिंह यादव, राघवेंद्र यादव, मानसिंह रावत, अलवेल बघेल, लोकेंद्र रावत, आदि के नेतृत्व में सैकड़ो शिक्षकों की उपस्थिति में ज्ञापन सौंपा गया।

**इन्होंने कहा...**



20 से 28 साल की निरंतर शासकीय सेवा करने वाले अनुभवी शिक्षकों को तथा आर टी ई अधिनियम 2009 लागू होने से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को टीईटी परीक्षा की अनिवार्यता से छूट दी जावे तथा 1997 से 2018 तक नियुक्ति पाने वाले अध्यापक संवर्ग के शिक्षकों की प्रथम नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता बहाल की जाए।
**- लक्ष्मी नारायण जाटव, जिला संयोजक, अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा**

# सरकारी बैरक में पुलिसकर्मी के घर से जेवर व नकदी चोरी

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर, 11अप्रैल।** चोरों ने शासकीय बैरक क्वार्टर में एक पुलिस जवान के सूने घर के ताले उस समय चटका दिए, जब वह परिवार के साथ गोवर्धन गया था। घटना थाटीपुर थाना क्षेत्र के सरकारी बैरिक क्वार्टर की है। पुलिस ने उनकी शिकायत पर मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। थाटीपुर थाना क्षेत्र के सरकारी बैरक क्वॉर्टर निवासी देवकी नंदन तिवारी पुलिस जवान है। मंगलवार को संजीव तिवारी अपने परिवार के साथ गोवर्धन परिक्रमा के लिए गए थे और क्वार्टर पर ताले डाल गए थे। सूना घर देखकर चोरों ने धावा बोला और ताले चटका कर अंदर पहुंचे। यहां पर पूरे घर की इत्मीनान से तलाशी लेने के बाद अलमारी में रखे सोने व चांदी के जेवर के साथ ही नकदी पंद्रह हजार रुपए चोरी कर ले गए।

**इनका कहना है..**
एक सूने घर के ताले चटकाकर चोरों ने वारदात को अंजाम दिया है। मामला दर्ज कर चोरों की तलाश के लिए पुलिस टीम सीसीटीवी खंगाल रही है। जल्द ही चोरों को पकड़ लिया जाएगा।
**विपेन्द्र सिंह चौहान, थाना प्रभारी थाटीपुर**




स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिये मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा सिटी सेंटर, ग्वालियर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., सिटी सेंटर से मुद्रित. संपादक हरीश दुबे* समाचार संपादक- अनिल शर्मा, फोन-0751-4086200, फैक्स- 2343200 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार डाक पंजीयन क्रमांक 507/2008/ग्वा. RNI Reg. No. 62237/95